Session : 9
Date : 30-11-2006

Participants : Mishra Dr. Rajesh Kumar

an>

Title: Need for early implementation of the agreement entered into between Government of India and Japan Bank on checking the pollution caused in river Ganga.

डॉ. राजेश मिश्रा (वाराणसी) : महोदय, उत्तर प्रदेश में मेरा संसदीय क्षेत्र वाराणसी एक पवित्र धार्मिक शहर है। गंगा तट पर होने से इसका महतव और भी अधिक है। लेकिन वाराणसी में गंगा सबसे ज्यादा प्रदूति है। स्व0 राजीव गांधी जी के प्रधानमंत्रित्व काल में उन्होंने गंगा एक्शन प्लान का वाराणसी में उद्घाटन किया था। जब तक वे प्रधानमंत्री रहे तब तक यह योजना क्रियान्वित होती रही लेकिन उनके प्रधान मंत्री पद से हटने के बाद से आज तक जितनी भी सरकारें आईं, किसी ने भी इस महत्वपूर्ण योजना की सुध नहीं ली। यह अब भी अधूरी पड़ी है। गंगा कार्य योजना के चरण-दो के अंतर्गत गंगा नदी के प्रदूाण को दूर करने के लिए सरकार अब जापानी फर्म की मदद ले रही है और इस संबंध में उसके साथ एक समझौता किया गया है। सरकार ने वाराणसी में गंगा नदी को प्रदूाणमुक्त करने के लिए जापान बैंक फार इंटरनेशनल कोऑपरेशन के साथ एक ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। मेरी भारत सरकार से मांग है कि इस समझौते को शीघ्र क्रियान्वित किया जाये ताकि गंगा नदी को प्रदूाण मुकत किया जा सके और वाराणसी जैसे धार्मिक शहर में आने वाले तीर्थयात्रियों को गंगा नदी का पवित्र जल उपलब्ध हो सके।